UNIVERSAL
LIBRARY
OU_182678
UNIVERSAL
LIBRARY

OUP—68—11-1 68—2,000

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No H780.954 T36 R Accession No H 3612

Author ठाकुर, रवीन्द्रनाथ.

Title रवीन्द्र संगीत · संपा · लक्ष्मीनारायण गर्ग.

1958

This book should be returned on or before the date last marked below

रवीन्द्र संगीत

रवीन्द्रनाथ ठाकुर के पच्चीस गीतों का
स्वरलिपि सहित भावानुवाद

●

प्रस्तुतकर्ता
राधेश्याम पुरोहित

●

सम्पादक
लक्ष्मीनारायण गर्ग

मुद्रक
चन्द्रशेखर शर्मा
संगीत प्रेस, हाथरस (उ० प्र०)

इस पुस्तक के सभी गीतों का स्वरलिपि सहित
सर्वाधिकार राधेश्याम पुरोहित के अधीन है ।

आलाप ● ● ●



रवीन्द्र–जयन्ती पर रवीन्द्र के कृतित्व को स्वराभूषणो द्वारा अलकृत करके हम 'रवीन्द्र सगीत' के नाम से हिन्दी जगत को अर्पित कर रहे है। स्व० रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लगभग चार हजार ऐसे छन्दो की रचना की जिन्हे गेय कहा जासकता है। उनका छन्द स्वत सगीत मे बँध जाता था, जिसमे शास्त्रीय और लोक सगीत दोनो का प्राकृतिक समन्वय विद्यमान रहता था, और यही रवीन्द्र-संगीत की विशेषता है। अपने काव्य के माध्यम से उन्होने शास्त्रीय और लोकसगीत का ऐसा धरातल प्रस्तुत किया जिस पर कलाकार के अमूर्त्त भाव मूर्त्त हो उटते है। चेतना की कल्पना शक्ति को प्रेरित करके व्यजना अथवा आकृति की समृद्ध शक्ति के द्वारा उनके गीत रूप और गति की सफल अभिव्यक्ति करने मे सक्षम है।

बगला भाषा मे नाद सम्पत्ति का भण्डार है, अतः बगला काव्य तो एक प्रकार का सगीत ही है। १८ वी और १९ वी सदी मे बगला धुने कीर्त्तन और शास्त्रीय सगीत के प्रभाव से रग गई थी। किन्तु टैगोर के छन्द ने एक ऐसा मोड प्रदान किया जो सगीतकार के लिये आनन्द की मार्मिक अनुभूति बनकर रह गया। कविवर टैगोर का सगीत-अध्ययन अत्यन्त सूक्ष्म था, उनकी आवाज मे एक सिद्धगायक के कण्ठ जैसी मधुरिमा निहित थी। छन्द की गत्यात्मक तरग मे वे अपना कवि और सगीतज्ञ हृदय लेकर एक सम्राट की भाति विचरण किया करते थे। उनके छन्द की यह विशेषता है कि उसको विभिन्न लयो मे गाया जा सकता है, किन्तु उसके लिये ऐसे गायक की आवश्यकता है, जिसके मनान्तर्गत भावो मे सौन्दर्य विद्यमान हो और उसका नैतिक स्तर अत्यन्त उत्कृष्ट हो। अतएव, रवीन्द्र–सगीत जहाँ स्वच्छन्द–तरंग की भाति स्पष्ट और सरल है, वहाँ प्रस्तुतीकरण मे कठिन भी है।

एक सफल चित्रकार, सगीतकार तथा कवि होने के नाते टैगोर स्वय कलात्मक सौन्दर्य के प्रतिबिम्ब स्वरूप थे। सगीत के प्रति अन्य कलाओ की अपेक्षा उनके विचार अधिक उत्कृष्ट थे। जगत की आत्मा अथवा ईश्वर प्राप्ति के लिये 'सगीत' उनकी दृष्टि मे उपासना का पुष्प था। प्रकृति का सानिध्य रवीन्द्र को सदैव मिलता रहा, अत उसकी गोद मे जिस गेयकाव्य का निर्माण उनके द्वारा हुआ, वह विश्व-साहित्य मे अप्रतिम है। किसी को क्या मालूम है कि जब एक ओर सूर्य का अवसान हो रहा होता है और दूसरी ओर से तारे उद्भूत होते है तो तट पर बैठा कवि गगन की ओर निहारता हुआ कहाँ खोजाता है? यह आत्मविस्मृति की भावना ही शब्द और स्वरो को कही से खोज-खोजकर लाती है और छन्द के बधन में पिरोकर उसका एक सुनहरी हार बना देती है।

हर एक कवि के गीत नही गाये जासकते; इसी प्रकार हर गायक का सगीत शब्दो का चोला पहनने के योग्य नही होता। जो कवि काव्य-रचना के समय गायेगा और जो गायक गायन के समय काव्य की आत्मा के निकट रहेगा उसी को सफलता प्राप्त हो सकती है। अपने एक अनुभव में टैगोर ने कहा है—"गान मे जब शब्द होते है तो उन शब्दो के लिये यह उचित नही कि वे गान का अतिक्रमण करजायँ, वहाँ वे गान के वाहन मात्र है। गान अपने ही ऐश्वर्य से बडा है—वाक्य की गुलामी वह क्यो करने लगा? वाक्य जहाँ समाप्त होता है वही गान शुरू होता है जिसे वाक्य प्रगट नही कर सकता उसे गान करता है, इसीलिये वह अनिर्वचनीय है।"

एक स्थान पर टैगोर ने लिखा है कि गुनगुनाते-गुनगुनाते जब भी मैने कोई पक्ति लिखी है तभी देखा है कि स्वर जिस स्थान पर वाक्य को उडा लेगया, वहाँ तक वाक्य पैदल चलकर पहुच ही नही सका। तब ऐसा लगता है कि जिस गोपन बात को सुनने के लिये मन मे साध पोष रहा हूँ, वह मानो वनराज की श्यामलिमा में मिला हुआ है, पूर्णिमा रात्रि की निस्तब्ध शुभ्रता मे डूबा हुआ है, दिगन्तराज की नीलाभ सुदूरता मे अवगुण्ठित होरहा है। वह मानो समस्त स्थावर-जगम की गूढ और भेद भरी बात है।

बचपन का एक गीत जो टैगोर के अन्तस्तल मे वर्षो तक स्थाई रहा वह था—"तो मायि विदेशिनी साजिये के दिले" (तुम्हे विदेशिनी के वेश मे किसने सजा दिया) इस पद ने एक दिन टैगोर को दूसरा गान लिखने के लिये बाध्य कर ही दिया अत पहली पक्ति इस प्रकार लिखी गयी—"आमि चिनि गो चिनि तोमारे आगो विदेशिनी" (ऐ विदेशिनी, मैं तुम्हे पहचानता हू, पहचानता हूँ।) टैगोर का कहना था कि यदि मेरे इस गान के साथ स्वर न होता, तो उसकी क्या दशा होती, कह नही सकता, किन्तु स्वर के जादू ने मेरे मन मे विदेशिनी की एक अपूर्व मूर्ति साकार करदी। ब्रह्माण्ड की विश्वमोहिनी विदेशिनी के द्वार पर स्वर ने मुझे अनायास ही ला खडा किया। कभी-कभी जब बोलपुर के रास्ते से कोई गाता हुआ निकलता तो मुझे लगता कि बाउल का गान भी ठीक वही बात कह रहा है जो मेरे भावो के पिजडे मे कैद थी। मन उसे पकडकर चिरन्तन बनाकर रखना चाहता है, किन्तु कर नही पाता। उस अपरिचित पक्षी के नि शब्द आवागमन की सूचना स्वर के सिवाय और कौन दे सकता है? इसीलिये गान की पुस्तक मे मुझे सदैव सकोच लगता है। सगीत को छोडकर उसके वाहनो को सजा रखना ऐसा ही होता है, जैसे गणेश को छोड उनके चूहे को पकड रखना।"

रवीन्द्र के गीतो मे एक रहस्य है जो सहज ही बोधगम्य नही। केवल साधक और सहृदय के लिये उस रहस्य का द्वार खुलता है और वह रवीन्द्र के अन्तस्तल का स्पर्श करने मे सक्षम होता है। शिल्पी, गायक और कवि होने के नाते उनकी रचनाओ मे त्रिवेणी का एक ऐसा आनद मिलता है जिसमे अवगाहन कर सासारिक राग और द्वेष धुल जाते है लोक और परलोक प्रकाशित हो उठते है। कलाजन्य-आनन्द के द्वारा सत्य की उपलब्धि रवीन्द्र-सगीत का मूल उद्देश्य है, इसीलिए बगाल मे इसकी एक समृद्ध परम्परा विद्यमान है। सगीत, साहित्य, सौन्दर्य और सत्य का समन्वय होने के कारण रवीन्द्र-सगीत सस्कृति और कलात्मक जगत का सबसे अधिक सम्पन्न रूप है।

प्रस्तुत पुस्तक सगीत कार्यालय द्वारा हिन्दी जगत के लिये प्रथम प्रयास है, जिसको सगीत-प्रेमी साधको ने अपनाया तो निश्चय ही यह परिश्रम सार्थक सिद्ध होगा और रवीन्द्र का सगीत हिन्दीभाषियो मे अनुप्राणित हो उठेगा।

लक्ष्मीनारायण गर्ग

आशीर्वाणी

श्री राधेश्याम पुरोहित से आज उनके द्वारा किये गये बंगला रवीन्द्र संगीत का हिन्दी रूपान्तर सुर सहित सुन कर बड़ा संतोष हुआ। हिन्दी भाषा के बारे मे मेरा ज्ञान सामान्य होते हुये भी मुझे बचपन से ही नाना प्रकार के हिन्दी गीत सुनने और सीखने का मौका मिला है। हिन्दी गीतो के सुर मे बगला गीत प्रस्तुत करना, जिसे हम चलती बंगला मे "गान-भॉगा" (गीत तोड़ना) कहते है. ऐसे गीत भी ठाकुर परिवार मे प्रचलित हुये है। लेकिन बगला गीतो को और विशेष रूप से रवीन्द्र संगीत जैसे सूक्ष्म भाव और भाषायुक्त गीतो का मूल सुर अविकल रख कर हिन्दी मे रूपान्तरित किया जा सकता है—इसका दृष्टान्त मैंने आज पहली बार पाया है।

मैंने पहले ही कहा है कि गीतो के अनुवाद की भाषा के बारे मे मै अपने विचार प्रगट करने मे अक्षम हूँ। लेकिन रूपान्तरित गीत जो सरलता से मूल रवीन्द्र संगीत के सुर मे गाये जा सकते है, यह मैंने आज उपलब्ध किया है। और इस दृष्टि से श्री राधेश्याम का कृतित्व अति प्रशंसनीय मानती हूं। मै अपने अनुभव से कहती हूं कि मेरे परिचित हिन्दी के एक बड़े पंडित भी इस प्रकार के कार्य को करने के प्रस्ताव मात्र से भयभीत होकर पीछे हट गये थे। ऐसी दशा मे श्री राधेश्याम ने जो यह कठिन व्रत ग्रहण किया और अन्त तक उसे निभाया यह उनके आत्म प्रत्यय और निष्ठा का परिचायक है। भारतीय प्रदेशो मे ऐक्य और सद्भावना लाने की यह अभिनव प्रचेष्टा अति प्रशंसनीय है। श्री राधेश्याम की यह प्रचेष्टा सफल हो, यह आशीर्वाद करती हूं।

शांतिनिकेतन
२० मार्च, १९५८

(ह) इन्दिरा देवी चौधुरानी

भूमिका

श्री राधेश्याम पुरोहित से मै अच्छी तरह परिचित हूं। ये विश्वभारती विश्व-विद्यालय के बी. ए. (ऑनार्स) है और अर्थशास्त्र मे वही से एम. ए. कर रहे है। संगीत मे भी इनकी प्रगाढ़ अभिरुचि है। बगला-भाषा पर इन्होने सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त किया है और 'विश्व-भारती' मे रहने के कारण ये 'रवीन्द्र-सगीत' के मच्चे प्रेमी भी है। हिन्दी तो इनकी मातृ भापा ही है। इसीलिये इन्होने रवीन्द्रनाथ के कुछ गीतो का साधु हिन्दी मे रूपांतर करने का बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। श्री पुरोहित की विशेषता यह है कि ये रवीन्द्रनाथ द्वारा दिये गये अपने गीतो के मौलिक सुरो मे गा भी सकते है। इस प्रकार ये सगीतज्ञ और गायक भी है। इनकी इस पुस्तक के द्वारा हिन्दी भाषा-भाषी कुछ नवीन वस्तु प्राप्त करेगे। वह नवीन वस्तु है रवीन्द्रनाथ के गीतो का हिन्दी अनुवाद। हिन्दी मे अनूदित इन गीतो को 'रवीन्द्र संगीत' के शास्त्रीय नियमो के अनुसार गाया भी जा सकता है। तात्पर्य यह है कि इस अनुवाद मे गेय सुरो पर भी पूरा ध्यान रखा गया है। यह कहा जा सकता है कि ये रवीन्द्रनाथ के गीतो को भाषा और संगीत दोनो दृष्टियो से उनकी मौलिक विशेषताओ के साथ हिन्दी भाषी अथवा हिन्दी व्यवहारी जनो के सम्मुख प्रस्तुत कर रहे है। प्रस्तुत पुस्तक के कुछ गीतो को मैने श्री पुरोहित से सुना है। मै वैसे संगीत के विषय मे अधिक जानकारी नहीं रखता, फिर भी जब ये इन गीतो को गा रहे थे तब मैने अनुभव किया कि इस कार्य मे इन्हे पूरी सफलता मिली है। श्री पुरोहित रवीन्द्रनाथ के पच्चीस गीतो को उनके जन्म दिन (बंगला पच्चीस वैशाख) के अवसर पर प्रकाशित कर रहे है। यह निश्चय ही बहुत ही उपयोगी प्रकाशन होगा। मै समझता हूँ कि बग प्रदेश के बाहर भारत मे रवीन्द्रनाथ के काव्य तथा संगीत दोनो के क्षेत्रो मे अवदानो को प्रचारित-प्रसारित करने के लक्ष्य के कारण यह कार्य उक्त कवि और गायक के प्रति वास्तविक श्रद्धा और सेवा का कार्य प्रमाणित होगा। इस क्षेत्र मे मै श्री पुरोहित की सम्पूर्ण सफलता का अभिलाषुक हूँ। रवीन्द्रनाथ के सगीत, काव्य और चित्र मे एक सार्वभौमिक मर्मस्पर्शिता है। किन्तु इस मर्मस्पर्शिता की अनुभूति अ-बंगाली व्यक्तियो मे कुछ अस्पष्ट रूप मे देखी जाती है। कुछ लोग तो इन (रवीन्द्रनाथ के मंगीत काव्य और चित्र) को आलोचनात्मक ढँग से देखते हुये पाये जाते है। मुझे यह इसलिये कहना पड़ रहा है कि मैने स्वय कुछ लोगो को ऐसा करते-कहते देखा-सुना है। श्री पुरोहित ने 'रवीन्द्र संगीत' को कुशल संगीतविद और श्रेष्ठ काव्य के प्रेमी के रूप मे अच्छी तरह समझा-बूझा है। इसीलिये ये पूर्ण प्रवीणता के साथ इन गीतो को मौलिक सुरो मे हिन्दी का रूप दे सके है। अब मुझे आशा है कि हिन्दी संसार के कवित्वरसिक और संगीत के मर्मज्ञो मे इस पुस्तक का यथोचित समादर होगा।

—सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या
सभापति विधान परिषद,
पश्चिम बग, कलिकाता।

परिचय

श्री राधेश्याम पुरोहित विश्व-भारती के छात्र के रूप मे यहाँ काफी दिनो से अध्ययन कर रहे है। अत: वे यहाँ के जीवन से घनिष्ठ भी हो गये हैं। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के साहित्य और सङ्गीत की ओर इनका स्वाभाविक अनुराग है। यद्यपि आपकी मातृभाषा हिन्दी (राजस्थानी) है, लेकिन यहाँ अध्ययन करने के कारण बगला-भाषा के प्रति इनका मन गंभीर भाव से आकृष्ट हुआ है। आपने रवीन्द्र साहित्य का अच्छा अध्ययन किया है और उसे अनुवादित करके हिन्दी भाषा-भाषी लोगो के लिये सुलभ भी किया है। इस अल्प उम्र मे ही इन्होने रवीन्द्रनाथ तथा अन्यान्य बंगाली कथाकारो की रचनाओ रो आठ पुस्तके प्रकाशित की है। उनके इस उत्साह को देखकर रवीन्द्रनाथ के संगीत को हिन्दी मे रूपान्तर करने की सभावना पर मेरी उनसे आलोचना हुई थी। बगाल संगीत को मौलिक रूप मे रूपांतर करना बड़ा कठिन काम है। लेकिन इस कार्य की कठिनता को देख कर भी श्री राधेश्याम पीछे नही हटे। अत. रवीन्द्र के गीत हिन्दी मे भी मौलिक सुर और ताल मे गाये जा सके, इसके प्रति मैने इनसे ध्यान रखने के लिये कहा। श्री राधेश्याम मुझसे लगभग ५-६ वर्षो से बंगला रवीन्द्र-सङ्गीत सीख रहे थे। अत. रवीन्द्र सगीत के सुर और छन्द के बारे मे अभिज्ञ हो गये थे। इसलिये प्रस्तावित गीतो के रूपांतर के कार्य मे वे सफल रहेगे, इस बारे मे मै प्रारम्भ से ही निश्चित था।

कुछ दिनो के बाद जब वे एक-दो करके रवीन्द्र के गीतो का हिन्दी रूपांतर करके मुझे सुनाने लगे तो मैंने अनुभव किया कि उनके रूपांतरित गीत भी बंगला रवीन्द्र-संगीत की तरह मूल सुर, लय और ताल मे गाये जा सकते है। श्री राधेश्याम के गीतो की भाषा भी बड़ी मधुर लगी। अत: मैने उनसे कहा कि वे इसी प्रकार के गीतो का और भी रूपांतर करे और रवीन्द्रनाथ के विभिन्न प्रकार के गीतो को स्वरलिपि सहित हिन्दी भाषा मे प्रकाशित करें। इस पुस्तक के ये पचीस गीत उनकी उस चेष्टा का ही फल है। ये सभी गीत मूल रवीन्द्र संगीत के सुर मे गाये जा सकते है। साथ ही मैने यह भी अच्छी तरह अनुभव किया है कि रवीन्द्रनाथ ने अपने बंगला गीतो मे जो भाव रखा था, श्री राधेश्याम के रूपांतरित हिन्दी गीतो मे भी वह भाव अक्षुण्ण रहा है। अत: गीतो मे कही भी सुर अथवा लय का विशेष परिवर्तन नही किया गया है। मेरा विश्वास है कि वर्त्तमान काल के हिन्दी कवि और गायक इन गीतो को जब मूल रवीन्द्र-संगीत के सुर मे सुनेगे तो किस प्रकार वैचित्रमय भाव को विचित्र रागिनी से गूँथा जा सकता है इसे वे अनुभव करेंगे तथा उससे अपनी सृष्टि के लिये भी नाना रूप से प्रेरणा लेगे। मै श्री राधेश्याम को उनकी इस प्रचेष्टा के लिये हृदय से आशीर्वाद देता हूँ। तथास्तु।

शांतिदेव घोष

१० मार्च, १९५८

अध्यक्ष, रवीन्द्र-सगीत और नृत्य विभाग

सगीत भवन, शांतिनिकेतन

प्रस्तावना

इस पुस्तक के प्रारम्भ मे तीन विद्वानो ने गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के गीतो पर आलोकपात किया है, जिसके बाद कुछ कहना अनावश्यक हो जाता है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ के गीतो की विशेषता और उनके शास्त्रीय नियमो का उल्लेख करते हुये तीनो महानुभावो ने मेरी इस नवीन प्रचेष्टा की ही अधिक प्रशसा की है। लेकिन रवीन्द्र-संगीत के नाम से जो संगीत प्रचलित है वह हमारे भारतीय सगीत-शास्त्र के नियमो को कितना मानता है तथा उससे कितना प्रभावित है, यह जानना भी आवश्यक है। संस्कृत को जिस प्रकार भारतीय समस्त भाषाओं की जननी कहा जाता है उसी प्रकार भारतीय संगीत-शास्त्र को भी इस महादेश की समस्त संगीत-धाराओ का उत्स माना जा सकता है।

स्वल्प स्थान मे रवीन्द्र संगीत की व्याख्या और उसकी विशेषताये समझाना कठिन है। फिर भी संक्षेप मे यह कहा जा सकता है कि रवीन्द्र सगीत एक ऐसा सगीत है जहाँ भारतीय समस्त प्रदेशो का सङ्गीत हिलोरें भरता है। भाव को वहन करती है भाषा और भाषा की पृष्ठभूमि पर सगीत अपने को प्रकाशित करता है। शास्त्रीय संगीत मे राग और रागिनियो की प्रधानता रहती है। भाषा वहाँ मुख्य स्थान नहीं रखती। दो या चार पंक्तियो को आश्रय करके गायक घटो राग-रागनियो का विस्तार और आलाप कर सकता है। लेकिन रवीन्द्र सगीत मे इसी स्थान पर तीन वस्तुएँ प्रमुख है। प्रथमतः भाव, द्वितीय भाषा और तृतीय सगीत। जैसा भाव हो उसी के अनुरूप भाषा और तद्रूप राग या रागिनी द्वारा उसे संगीत के रूप मे गाया जाना—यही 'रवीन्द्र सगीत' की विशेषता है। अर्थात् रवीन्द्र संगीत मे राग या रागिनी को जितनी प्रमुखता मिली है—काव्य को उससे कम नही मिली है। अत. इस सगीत का सम्पूर्ण आनन्द लेने के लिये काव्य की भाषा से परिचित होना अत्यंत आवश्यक है। लेकिन जब तक हिन्दी भाषा-भाषी अथवा हिन्दी व्यवहारी जनो के लिये यह संभव न हो, मैने एक क्षुद्र प्रचेष्टा की है। वह है रवीन्द्र संगीत का उपरोक्त तीनो विशेषताओ सहित हिन्दी भाषा मे रूपान्तर।

इस पुस्तक के गीतो की स्वरलिपि के प्रारम्भ मे ताल और राग के नाम लिखे गये है। वैसे रवीन्द्रनाथ ने अपने कुछ गीतो के सिवाय कहीं भी राग अथवा ताल का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है। मैने इस पुस्तक मे राग-रागिनियो का विश्लेषण इसलिये किया है कि रवीन्द्र संगीत से जो अपरिचित है वे जान सके कि इन गीतो मे कौन-कौन सी राग या रागिनियो का मिश्रण हुआ है। इसी स्थान पर यह लक्ष्यनीय है कि तीन या चार राग-रागिनियो का रवीन्द्रनाथ ने जैसा मिश्रण किया है उससे बहुधा एक नव-सुर की सृष्टि हुई है। यह नवीनता ही रवीन्द्र संगीत की विशेषता है।

इतिपूर्व तीनो महानुभावो ने यह संकेत किया है कि साहित्य का अनुवाद करना ही कठिन होता है। वहाँ भगवती की कृपा से मैने रवीन्द्र-सङ्गीत जैसे सूक्ष्म भाव और

भाषा युक्त गीतो का मौलिक सुर सहित रूपांतर किया है। लेकिन इस कार्य मे मै कहाँ तक सफल रहा हूं, यह कहना मेरे लिये संभव नहीं है। साथ ही इस कार्य मे कई त्रुटियो के रहने की संभावना है। दो-चार अ-शब्द कोशी हिन्दी शब्दो का प्रयोग भी मिल सकता है। इन सब के लिये एक मात्र मै ही उत्तरदायी हूँ। मेरे अल्प ज्ञान के कारण जो त्रुटियाँ रहेगी उन्हे सहृदय एवं, विद्वान पाठक सुधार लेंगे—ऐसी आशा करता हूँ।

अब कृतज्ञता और ऋण स्वीकार करना है।

मै अपनी श्रद्धा श्रद्धेया इन्दिरा देवी चौधुरानी, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, श्रीयुत् शिवनाथ तथा श्रीयुत् शान्तिदेव घोष के प्रति व्यक्त करता हूँ—जिन्होने आशीर्वाद तथा बहुमूल्य सुझाव देकर इस पुस्तक का प्रकाशन संभव किया है।

अंत मे निवेदन करूँगा कि यह पुस्तक मेरी अपनी प्रचेष्टा से कभी प्रकाश मे नहीं आती। प्रथमतः मैने कभी यह विचार ही नही किया था कि जो गीत मै लिखता हूँ उन्हे पुस्तक आकार मे प्रकाशित करना होगा और द्वितीयतः इन गीतो को रवीन्द्र-संगीत के नियमो के अनुसार स्वरलिपि-बद्ध करना होगा। मेरे लिये उपरोक्त कार्य असंभव था। इसलिये इस पुस्तक को प्रकाशित करने का सम्पूर्ण श्रेय श्रीयुक्ता तृणाराॅय, पी० एच० डी० (वॉन) सुश्री (कलकत्ता) को ही है। आपने इस पुस्तक की स्वरलिपि अति अल्पकाल मे प्रस्तुत की है तथा गीतो के राग-रागिनियों का विश्लेषण और भाषा एवं छन्द सम्बन्धी बहुत से सुझाव दिये है। उनके इस बहुमूल्य कार्य के लिये उन्हे धन्यवाद या आभार प्रदर्शित नहीं करूँगा। कारण, यह दोनो शब्द ही उनके लिये अपर्याप्त है। इस पुस्तक मे उनके सहयोग को मेरे प्रति उनके असीम स्नेह का प्रतीक चिरकाल तक मानता रहूँगा। एवमस्तु॥

२५ वैशाख—बगला सन् १३६६
८ मई १९५९
शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल

राधेश्याम पुरोहित

स्वरलिपि–संकेत

पंडित भातखण्डेजी के मतानुसार ही स्वरलिपि प्रस्तुत की गई है। लेकिन इस पुस्तक की आवश्यकता और सुविधा के लिये कुछ नियम और चिह्न जोड़े गये है। चिन्हो की व्याख्या निम्नलिखित रूप से माननी चाहिये: –

(१) सा़ रे़ ग़ म प ध नि – स्वरग्राम के नीचे बिंदु रहने पर उसे मंद्र सप्तक का स्वर समझना चाहिये।

सा रे ग म प ध नि – स्वरग्राम मे यदि कही कोई चिन्ह न रहे तो उसे मध्य सप्तक का स्वर मानना चाहिये।

सां रें गं मं पं धं निं – स्वरग्राम के ऊपर बिंदु रहने पर उसे तार सप्तक के अन्तर्गत समझना चाहिये।

(२) रे॒ ग॒ ध॒ नि॒ – स्वर के नीचे "–" चिन्ह रहने पर उसे कोमल स्वर समझना चाहिये।

(३) मं॑ – मध्यम के ऊपर "।" चिन्ह रहे तो उसे तीव्र समझना चाहिये।

(४) ‿ – जिन स्वरो के नीचे "‿" यह चिन्ह रहे उन्हे एक मात्रा के भीतर समझे। जैसे सारे, सारेग, सारेगम इत्यादि।

(५) ⌒ – दो या उससे अधिक स्वरो पर यह धनुषाकृति रहने पर उन्हे मींड़ द्वारा गाना होगा। जैसे— सारे, सारेग इत्यादि।

(६) - – जिस स्वर के बाद "-" यह चिन्ह रहे उसका स्थायित्व दो मात्रा होगा, जैसे सा -। सा - - होने पर तीन मात्रा होगा। अर्थात् ऐसे प्रत्येक चिन्ह के लिये एक मात्रा स्थायित्व मानना चाहिये।

(७) ऽ —यह चिन्ह गीत के किसी शब्द के बाद रहे तो उस शब्द के अन्त्यस्थ स्वर वर्ग (आ-कार, इ-कार, उ-कार इत्यादि) का उच्चारण करके निर्देशित मात्रा के अनुसार गाना चाहिये।

(८) ग ग रे म —किसी स्वर के ऊपर छोटे अक्षर मे लिखे हुये अलंकारिक स्वर को 'कण' कहते है। ऐसे स्वर प्रधान स्वर के आगे हो चाहे पीछे, वहाँ क्षणकाल के लिये उन्हे स्पर्श करना पड़ता है।

(९) [ ] —यह निशान रहे तो स्वरो की पुनरावृत्ति करनी चाहिये।

(१०) { } —पुनरावृत्ति के समय ऐसा निशान भी रहे तो उसके अन्तर्गत स्वरो की पुनरावृत्ति नही होगी। जैसे—

[सा रे ग म | { प ध नि सा }]

लेकिन इसी निशान के अन्तर्गत स्वरो पर यदि दूसरे स्वर लिखे हो तो पुनरावृत्ति के समय उन्हे गाना चाहिये। जैसे:—

[सा रे ग म | { प नि ध प / प ध नि सां }]

(११) ∧ | ∨ —गीत की पंक्ति के अन्त मे यह निशान रहे तो उस पंक्ति का वही अन्त समझना चाहिये। वहाँ से पुनः स्थायी पर लौट सकते है अथवा गीत के आगे का हिस्सा शुरू कर सकते है।

(१२) —कॉमा चिन्ह के द्वारा किसी गीत की पंक्ति के छन्द मे जो विराम दिखाया गया है वह समय का नहीं बल्कि भाव का है।

(१३) (क) × —यह निशान स्वरलिपि के नीचे रहे तो वहाँ से 'सम' (ताल का प्रारम्भ) मानना चाहिये।

(ख) ० —यह चिन्ह खाली का है।

(ग) २, ३ —इत्यादि द्वारा सम-खाली के अलावा दूसरे ताल निर्दर्शित होंगे।

(१४) | —"|" इस लम्बी रेखा के द्वारा ताल का विभाजन दिखाया गया है। जैसे:—

सा	रे	ग	रे	ग	म	
×			०			

स्वरूप

	गीत	राग	पृ० स०
१	अरी बधू सुन्दरी	कालिगडा-रामकली	७०
२	अरे आओ रे	अडाना-बहार, मिश्र	७७
३	आज वर्षण मुखरित	पचम वसत मिश्र	४७
४	आज वसत जाग्रत	बहार मिश्र	६२
५	उस आसन तले	कीर्तनांग	१०६
६	ओ भुवन मन मोहिनी	भैरव भैरवी मिश्र	२१
७	ओरे गृहवासी	कल्याण प्रकार	६७
८	झरे-झरे-झरे-रंग का झरना	बहार अडाना मिश्र	७३
९	तुम कुछ दे जाओ	पीलू खम्माज	९३
१०	तुम्हारे असीम मे	बिहाग	१०६
११	दूर गॉव से	मॉड मिश्र	८१
१२	ध्वनित आह्वान	खट मिश्र	२५
१३	नमो नमो नमो करुणाघन	गौड़मल्लार मिश्र	४५
१४	प्रखर तपन ताप से	भीमपलासी, मुलतानी, भैरवी मिश्र	३३
१५	बादल धारा चली गई	पीलू मिश्र	५५
१६	बादल बाउल बजा रहा रे	बिहाग, खम्माज	३७
१७	मेरा मन मेघ का सार्थी	मल्हार मिश्र	५१
१८	मेरे मिलन के लिये तू	बागेश्री बहार	८९
१९	मेरी मुक्ति आलोक मे रे	केदार	११४
२०	वायु बहे जोर-जोर	यमन-भूपाली	८५
२१	वीणा मेरी कौन सुर गावे	भैरवी मिश्र	२९
२२	शरत आलोक के	कालिंगड़ा-रामकली मिश्र	५९
२३	सावन गगन मे घोर घनघटा	एक प्रकार का सावनी मल्लार	४१
२४	हिसा से मत्त पृथ्वी	भैरवी-मिश्र	९६
२५	होगी जय, होगी जय	आसावरी-भैरवी मिश्र	१०१
२६	परिशिष्ट		११७

रवीन्द्र संगीत



भैरव भैरवी मिश्र

कहरवा या त्रिताल (मध्यलय)

ओ भुवन मन मोहिनी ओ भुवन मन मोहिनी मा ।
ओ निर्मल सूर्य करोज्वल धरणी जनक जननी ॥
नील-सिंधु जल धौत चरण-तल अनिल विकम्पित श्यामल अंचल,
अंबर चुम्बित भाल–हिमाचल शुभ्र तुषार किरीटिनी ।
प्रथम प्रभात उदय तव गगन में प्रथम सामरव तव तपोवन में,
प्रथम प्रचारित तव वन-भवन में ज्ञान-धर्म बहु काव्य काहिनी ॥
चिरकल्याणमयी तुम धन्य हो, देश–विदेश में अन्नदायी हो,
जाह्नवी यमुना विगलित करुणा पुण्य पीयूषस्तन्य वाहिनी ॥

														म	ग
														ओ	ऽ

मग	मनि	निध	ध	प	मग	म	प	(नि)ध	–	–	–	–	–	प	मग
भुऽ	वऽ	नऽ	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ओ	ऽऽ
×				०				×				०			

मग	मनि	निध	ध	प	मग	म	प	(नि)ध	–	–	–	–	–	–	–
भुऽ	वऽ	नऽ	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

ध	नि	सां	–	ध	निसा	रे	–	धनि	सारें	गं	–	–	–	–	–
मा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

रें	सां	नि	ध	प	मग	म	प	(नि)ध	–	–	–	–	–	मा	रे
भु	व	न	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ओ	ऽ
×				०				×				०			

ग	ग	ग	रे	ग	–	ग	रे	ग	रे	ग	म	ग	रे	सा	–
नि	र	म	ल	सू	ऽ	र्य	क	रो	ऽ	ज्व	ल	ध	र	णी	ऽ
×				०				×				०			

सा	सांनि	सां	सारें	निसां	ध	प	ध	नि	ध	–	–	धनि	सारें	सां	सां
ज	नऽ	क	जऽ	नऽ	नी	ज	न	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽऽ	ओ	ऽ
×				०				×				०			

नि	पनि	ध	ध	प	मग	म	ग	(नि)ध	–	–	–	–	–	–	–
भु	वऽ	न	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

ध़	–	ध़	ध़	ध़	नि़	ध़	नि़	सां	–	रें़	नि़	सां	सा	सां	सां
नी	ऽ	ल	सि	न्	धु	ज	ल	धौ	ऽ	त	च	र	ण	त	ल
×				०				×				०			
ध़	गं़	रें	गं़	गं़	रें़	रें़	सां	नि	–	सां	रें़	सां	नि़	ध़	प
अ	नि	ल	वि	क	ऽ	म्पि	त	श्याम	ऽ	म	ल	अं	ऽ	च	ल
×				०				×				०			
सा															
ध़	ध़	ध़	ध़	ध़	–	ध़	ध़	पध़	निसां	सां	नि़	धपं	नि़	ध़	प
अ	म्	ब	र	चु	ऽ	म्बि	त	भाऽ	ऽऽ	ल	हि	माऽ	ऽ	च	ल
×				०				×				०			
सा	–	सा	सा	ध़	–	नि़	सा	ध़	नि़	ध़	नि़	सागं़	रे़	रें़	सां
शु	ऽ	भ्र	तु	षा	ऽ	र	कि	री	ऽ	ऽ	टि	नीऽ	ऽ	ओं	ऽ
×				०				×				०			
नि़	पनि़	ध़	ध़	प	मग	म	प	नि़ ध़	–	–	–	–	–	–	–
भु	वऽ	न	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			
सा	सा	सा	सा	ग़	–	ग़	ग़	ग़	ग़	गरे	ग़	म	म	म	पम
प्र	थ	म	प्र	भा	ऽ	त	उ	द्	य	तऽ	व	ग	ग	न	मेऽ
×				०				×				०			
ग़	ग़	रे	ग़	–	ग़	रे	ग़	रे	ग़	म	ग़	रेग़	रे़	मा	–
प्र	थ	म	सा	ऽ	म	र	व	त	व	त	पो	वऽ	न	मे	ऽ
×				०				×				०			
नि़	सा	सा	सा	ध़	–	ध़	ध़	प	ध़	प	नि़	ध़	ध़	प	प
प्र	थ	म	प्र	चा	ऽ	रि	त	त	व	व	न	भ	व	न	मे
×				०				×				०			
ग़	–	म	म	–	नि़	ध़	प	ग़	–	म	ग़	रेग़	रे़	मा	–
ज्ञा	ऽ	न	ध	ऽ	र्म	व	हु	का	ऽ	व्य	का	ऽऽ	हि	नी	ऽ
×				०				×				०			

ध	ध	ध	नि	धनि	सारें	गं	रें	रें	सां	सां	नि	सां	–	सां	सां
चि	र	क	ऽ	ल्याऽ	ऽऽ	ण	म	यी	ऽ	तु	म	ध	ऽ	न्य	हो
×				०				×				०			

सा															
ध	गं	गं	रे	गं	–	रे	सां	नि	सां	रें	सां	सां	नि	नि	ध
दे	ऽ	श	वि	दे	ऽ	श	मे	अ	ऽ	न्न	दा	ऽ	यी	हो	ऽ
×				०				×				०			

														नि	
पध	निसां	नि	नि	ध	ध	प	मग	म	प	प	प	पम	प	ध	–
जाऽ	ऽऽ	ह्न	वी	य	मु	ना	ऽऽ	वि	ग	लि	त	कऽ	रु	णा	ऽ
×				०				×				०			

सा	–	सा	ध	–	ध	ध	–	ध	नि	सां	ध	नि	सां	गं	रे
पु	ऽ	ण्य	पी	ऽ	यू	ष	ऽ	स्त	ऽ	ण्य	वा	ऽ	हि	नी	ऽ
×				०				×				०			

	नि							नि								∧
सां	सां	नि	ध	प	मग	म	प	ध	–	–	–	–	–	–	–	
भु	व	न	म	न	ऽऽ	मो	हि	नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	
×				०				×				०				∨

इच्छानुसार गीत की प्रथम दो पंक्तियो की पुनरावृत्ति कर सकते है ।

खट मिश्र

तीव्रा (मध्यलय)

ध्वनित आह्वान मधुर गंभीर प्रभात अंबर में,
शांति-संगीत बाजे चतुर्दिक भुवन मंदिरों में।
अंतर में देखो महारूप को निखिल भुवन के परम बंधु को,
आओ आनन्दित शोभन साज से मिलन अंगन में॥
कलुष कल्मष विरोध विद्वेष होये निर्मल होये निःशेष-
चित्त की बाधा दूर होये नित्य कल्याण काज में।
मधुर स्वर में गाओ विहंगम पूर्व पश्चिम बंधु-संगम,
मैत्री बंधन पुण्यमय हो पवित्र विश्व समाज में॥

सा रे॒ म	म –	मग म	प प प	प प	प प
ध्व नि त	आ ऽ	ह्वा न	म धु र	ग म्	भी र
×	२	३	×	२	३

ध॒ ध॒ ध॒	ध॒ सां	सा सां	नि॒ प ध॒	नि॒ –	ध॒ –
प्र भा त	अ म्	ब र	मे ऽ ऽ	ऽ ऽ	ऽ ऽ
×	२	३	×	२	३

प ध॒ प	पनि॒ –	ध॒ ध॒	प ध॒ प	पध॒ प	म म
शा ऽ न्ति	संऽ ऽ	गी त	बा जे च	तुऽ र	दि क
×	२	३	×	२	३

ग ग रे॒	ग म	प म	ग रे॒ –	मा –	– –
भु व न	मं ऽ	दि ऽ	रो ऽ ऽ	मे ऽ	ऽ ऽ
×	२	३	×	२	३

सा रे॒ म	म –	– –	ग म प	ध॒ –	– – ∧
ध्व नि त	रे ऽ	ऽ ऽ	ध्व नि त	रे ऽ	ऽ ऽ
×	२	३	×	२	३ ∨

उपरोक्त गीत की पुनरावृत्ति करके नीचे गाये।

ध॒ ध॒ ध॒	ध॒ सां	सां सां	सा सां ऽ	सां –	सा सां
अ न्त र	मे ऽ	दे खो	म हा ऽ	रू ऽ	प को
×	२	३	×	२	३

सां रें॒ रें॒	सांरें॒ ग	रें॒ सा	नि सां रें॒सां	निसां नि	ध॒ प
नि खि ल	भुऽ व	न कें	प र मऽ	बंऽ ऽ	धु को
×	२	३	×	२	३

गं॒ गं॒ गं॒	गं॒ रें॒	गं॒ गं॒	गं॒रें॒ मं गं॒	रें॒ –	सां सां
आ ओ आ	न न्	दि त	शोऽ भ न	सा ऽ	ज से
×	२	३	×	२	३

रें	सा	सां	त्रि	-	धु	प	ग	म	प	धु	-	-	-
मि	ल	न	अ	ऽ	ग	न	मे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		३		×			२		३	

सा	रे	म	म	-	म	-	ग	म	प	धु	-	-	-
ध्व	नि	त	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ध्व	नि	त	रे	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		२		×			२		३	

प्रथम दो पक्तियो की पुनरावृत्ति करे ।

सागं	गं	गं	गं	गं	गंरें	गं	गंमं	म	गं	रे	-	सां	सां
कऽ	लु	ष	क	लु	मऽ	ष	विऽ	रो	ध	वि	ऽ	द्वे	ष
×			२		३		×			२		३	

(सा) रे	रे	सा	रे	रे	सा	सां	सांरें	सां	सां	त्रि	-	धु	प
हो	ऽ	ये	नि	र्	म	ल	होऽ	ऽ	ये	नि.	ऽ	शे	ष
×			२		३		×			२		३	

रे	-	सां	रे	-	सां	सा	रें	-	सां	त्रि	त्रि	धु	प
चि	ऽ	त्त	की	ऽ	बा	धा	दू	ऽ	र	हो	ऽ	ये	ऽ
×			२		३		×			२		३	

प	त्रि	धु	प	-	म	पम	ग	-	रे	सा	-	-	-
नि	ऽ	त्य	क	ऽ	ल्या	णऽ	का	ऽ	ज	मे	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		३		×			२		३	

धु	धु	धु	नि	नि	सां	सां	रें	रें	सां	नि	-	सां	सां
म	धु	र	स्व	र	मे	ऽ	गा	ओ	वि	हं	ऽ	ग	म
×			२		३		×			२		३	

धु	धु	धु	नि	नि	सां	सा	निसां	रें	सा	(सा) नि	-	धु	प
धू	र्	व	प	श्	चि	म	बऽ	न्	धु	सं	ऽ	ग	म
×			२		३		×			२		३	

प	गं	गं	गं	रें	गं	गं	मंगं	-	गं	रें	रें	सां	सा
मै	ऽ	त्री	ब	न्	ध	न	पुऽ	ऽ	ण्य	म	य	हो	प
×			२		३		×			२		३	

रें	सा	सां	नि	-	धु	प	ग	म	प	धु	-	-	-
वि	ऽ	त्र	वि	ऽ	श्व	स	मा	ऽ	ज	मे	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		३		×			२		३	

सा	रे	म	म	-	-	-	ग	म	प	धु	-	-	-
ध्व	नि	त	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ध्व	नि	त	रे	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		३		×			२		३	

प्रथम दो पंक्तियो की पुनरावृत्ति करे ।



भैरवी–मिश्र

त्रिताल या कहरवा (मध्य-द्रुतलय)

वीणा मेरी कौन सुर गावे कौन नव राग सुनाये रे ।
मन में शंका क्यों लावे चमकित् भुवन सारा रे ॥
आया कौन राग आलाप के अंचल उसका डोले–
चरण नूपुर मदहोश उसके हुए हैं अब वे होले रे ॥
अंबर प्रांगन के आगे निःस्वर मंजिर बाजे ।
अश्रुत करताली जागे नव स्वर मानो साजे ॥
किसके परस की आशा तृणों में जागी भाषा ।
पवन भी बंधन तोड़े मचले किसके इशारे रे ॥

														सा	नि़
														वी	ऽ

		ध		म						ध					
ध	–	प	म	ध	ध	प	म	म	ध	प	–	–	–	–	–
णा	ऽ	मे	री	कौ	न	सु	र	गा	ऽ	व	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

											म				
पसा	सा	नि	ध	प	प	ग	ग	ग	म	म	ग	रे	–,	सा	नि
कौऽ	न	न	व	रा	ऽ	ग	सु	ऽ	ना	ऽ	ये	रे	ऽ,	वी	ऽ
×				२				०				३			

		ध		म						ध					
ध	–	प	म	ध	ध	प	म	म	ध	प	–	–	–,	सा	रे
ना	ऽ	मे	री	कौ	न	सु	र	गा	ऽ	वे	ऽ	ऽ	ऽ,	म	न
×				२				०				३			

रे						ग				म					
ग	–	सा	रे	ग	–	सा	रे	ग	रे	ग	ग	–	–	–	–
मे	ऽ	श	ऽ	का	ऽ	क्यों	ऽ	ऽ	ला	ऽ	वें	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

रे	ग	म	प	ध	ध	नि	नि	नि	–	सा	–	सा	–,	सा	नि
च	म	कि	त	भु	ऽ	व	न	सा	ऽ	रा	ऽ	रे	ऽ,	"वी	ऽ"
×				२				०				३			

"वीणा मेरी कौन सुर गावे" को दो बार गाने के बाद आगे गाये।

												नि			
ध	ध	ध	नि	नि	सां	सा	सां	रें	सां	नि	प	सा	–	सां	रे
आ	या	कौ	न	रा	ऽ	ग	आ	ला	ऽ	ऽ	प	के	ऽ	अ	ऽ
×				२				०				३			

		गं		रें				रें		गं					
गं	गं	सां	रें	गं	–	सा	रें	गं	–	रें	–	सां	–	–	–
च	ल	उ	स	का	ऽ	डो	ऽ	ऽ	ऽ	ले	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

सां	सागं	रें	सां	नि	नि	ध	म	ध	–	नि	नि	सागं	–	–	–
च	रऽ	ण	नू	पु	र	म	द	हो	श	उ	स	केऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

सागं	रें	सा	नि	ध	प	म	गं	म	–	गं	–	रे	–	मा	नि
हुऽ	ये	है	ऽ	अ	ब	वे	ऽ	हो	ऽ	ले	ऽ	रे	ऽ	"वां	ऽ"
×				२				०				३			

पूर्व उल्लेखित अश की पुनरावृत्ति करे ।

सा	प	प	प	प	–	प	प	प	म	प	म	ध	–	–	प
अ	ऽ	ब	र	प्रां	ऽ	ग	न	के	ऽ	आ	ऽ	गे	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

मप	–	गं	गं	म	म	गं	रे	गं	रे	मा	–	–	–	–	–
निःऽ	ऽ	स्व	र	म	ऽ	र्जी	र	बा	ऽ	जे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

गं	–	धं	निं	सा	सा	रे	नि	सा	रे	गं	–	सा	रे	गं	-
अ	ऽ	श्रु	त	क	र	ता	ली	जा	ऽ	गे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

मा	रे	गं	रे	सा	रे	म	गं	रे	गं	रे	मा	–	–	–	–
न	व	स्व	र	मा	ऽ	नो	ऽ	सा	ऽ	जे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

गं	गं	रे	सां	धं	धं	निं	सां	रें	निं	सा	–	–	–	–	सा
कि	म	के	ऽ	प	र	स	की	आ	ऽ	शा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	तृ
×				२				०				३			

सा				सा				सा							
रें	–	सां	निं	धं	धं	निं	सां	रें	निं	सां	–	सां	रें	गं	मं
णो	ऽ	मे	ऽ	जा	ऽ	गी	ऽ	भा	ऽ	षा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

	सा	सा	
ग॒ं ग॒ं रे॒ं सां	ध॒ ध॒ नि॒ सां	रे॒ नि॒ सा -	- - - सा
कि स के ऽ	प र श की	आ ऽ शा ऽ	ऽ ऽ ऽ तृ
×	२	०	३

सा	सा	सा	
रे॒ - सां नि॒	ध॒ ध॒ नि॒ सां	रे॒ नि॒ सा -	- - - सा
णो ऽ मे ऽ	जा ऽ गी ऽ	भा ऽ षा ऽ	ऽ ऽ ऽ प
×	२	०	३

सा	रे	रे	
ग॒ं ग॒ं ग॒ं रे	ग॒ं ग॒ं ग॒ं रे	ग॒ं रे ग॒ं रे	मं - - -
व न भी ऽ	बं ऽ ध न	तो ऽ डे ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
×	२	०	३

म	रे		"⌒"	∧
मं मं ग॒ ग॒ं	ग॒ं ग॒ं रे॒ रे॒	रे॒ - सां -	सा -, सा नि॒	|
म च ले ऽ	कि स के इ	शा ऽ रे ऽ	रे ऽ, "वी ऽ"	|
×	२	०	३	∨

गीत की पहली दो पंक्तियाँ गाये।

———



भीमपलासी, मुलतानी, भैरवी मिश्र

एकताल—(विलम्बित लय)

प्रखर तपन ताप से, आकाश काँपे तृषा से,
वायु करे हाहाकार ।
दीर्घ पथ के शेष मे, पुकारा मंदिर में,
'खोलो–खोलो–खोलो द्वार ।।'
सुन किसकी पुकार
कब हुआ हूँ बाहर,
अभी मलिन होगा प्रभात का फूलहार ।
खोलो–खोलो–खोलो द्वार ।
मन में बाजे आशाहीना, क्षीण मर्मर वीणा ।
यह न जानूँ कोई है या ना, पाऊँना उसका सार ।।
आज सारे दिन मेरे, प्राण मे ये सुर भरे ।
अकेला कैसे वहूँ गान का भार ।
खोलो–खोलो–खोलो द्वार ।।

* ग॒	रे	सा	नि॒	सा	म	मप	ग॒म	पम	(म)प	–	–
प्र	ख	र	त	प	न	ताऽ	ऽऽ	ऽप	से	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	

साप	प	प	मं	प	–	पध॒	पध॒प	मंप	मग॒	म	ग॒
आऽ	का	श	काँ	पे	ऽ	तृऽ	षाऽऽ	ऽऽ	सेऽ	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	

ग॒	ग॒	म	प	प	नि	नि	नि	सां	सां	–	सां
वा	यु	ऽ	क	रे	ऽ	हा	हा	ऽ	का	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	

सां	गं॒	गं॒	रे	सां	सां	सारे	(रे)सां	सां	नि॒	नि॒	–
दी	ऽ	र्घ	प	थ	के	शेऽ	ष	मे	ऽ	पु	ऽ
×		०		२		०		३		४	

नि॒	–	नि॒	नि॒सा	(सा)नि॒	नि॒	ध॒	ध॒	प	प	प	नि॒
का	ऽ	रा	ऽऽ	म	न्दि	र	मे	ऽ	खो	लो	ऽ
×		०		२		०		३		४	

(नि॒)ध॒	नि॒	–	नि॒सां	सां	नि॒	ध॒	प	प	–	–	–
खो	लो	ऽ	खोऽ	लो	ऽ	द्वा	ऽ	र	ऽ	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	

"प्रखर तपन ताप से" तक पुनरावृत्ति करे।

प	–	प	(प)म	ग॒	म	प	नि	नि	सां	–	सा
सु	ऽ	न	कि	ऽ	स	की	ऽ	पु	का	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	

* पुनरावृत्ति के समय "प्रखर" शब्द को "मग॒" गाये।

प्रऽ

सा	नि	गं	रे	–	सां	सा नि	सा	–	नि	–	नि
क	ब	हु	आ	ऽ	हूं	बा	ऽ	ऽ	ह	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	
निसां	–	नि	नि	ध	ध	ध	प	–	–	–	–
आऽ	ऽ	भी	म	लि	न	हो	गा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	
प	प	प	प	पध	प	प मं	प	ग	मं	प	ध
प्र	भा	त	का	फुऽ	ल	हा	ऽ	र	खो	लो	ऽ
×		०		२		०		३		४	
मं	प	ग	मं	प	ध	ध मं	प	–	–	–	प
खो	लो	ऽ	खो	लो	ऽ	द्वा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	V

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करे।

मासा	प	पध	प	म	गरे	रे ग	–	रे	मग	–	रे
मन	मे	बाऽ	जे	आ	शाऽ	ही	ऽ	ऽ	ना	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	
मा	रे	ग	ग	ग	म	म ग	–	रे	सा	–	–
ची	ण	म	र्	म	र	वी	ऽ	ऽ	णा	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	
मासा	सापं	प	प	प	पम	प	–	ध	धनि	–	नि ध
यह	नऽ	जा	नूँ	को	ईऽ	है	ऽ	या	नाऽ	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	
ध प	ध	ध प	मम	ग	म	प	–	–	–	–	प
पा	ऊँ	ना	उस	का	ऽ	सा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	

				म							
प	प	प	म	ग॒	म	प	पनि	-	नि	सां	सां
आ	ज	सा	रे	दि	न	मे	रेऽ	ऽ	प्रा	ऽ	ण
×		०		२		०		३		४	

						सा					
सां	नि॒	गं॒	रे	सां	रेसां	नि	सां	-	नि॒	-	-
मे	ऽ	ये	सु	ऽ	रऽ	भ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×		०		२		०		३		४	

नि॒सां	सां	नि॒	नि॒	नि॒	ध॒	ध॒	ध॒	प	प	प	-
अऽ	के	ला	कै	ऽ	ऽ	से	ऽ	ऽ	व	हूँ	ऽ
×		०		२		०		३		४	

					सा		रें				
प	-	ध	नि॒	सां	नि॒	सांरें	सां	नि॒	ध॒	प	ध॒
गा	ऽ	न	का	ऽ	ऽ	भाऽ	ऽ	र	खो	लो	ऽ
×		०		२		०		३		४	

ध						ध॒					
मं	प	ग॒	मं	प	ध॒	मं	प	-	-	-	प
खो	लो	ऽ	खो	लो	ऽ	द्वा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×		०		२		०		३		४	

"प्रखर तपन·······खोलो द्वार" तक पुनरावृत्ति करे ।



बिहाग, खम्बाज

कहरवा (मध्यलय)

बादल बाउल बजा रहा रे इकतारा ।
सारी बेला झरे झर-झर-झर धारा ॥
जामुन वन में धान खेत में,
आप मत्त अपने तानों में,
नाचत नाचत बावला हारा ॥
घनी जटा से धनाधार नभ में स्वर साजे ।
पात-पात पर टुप-टुप ध्वनि का नुपूर मधुर बाजे ॥
घर-बार छुड़ाता आकुल सुर में,
उदास घूमें पुर-पुर में,
पुरवैया में गृह हारा ॥

सा	–	ग	ग	ग	म	धप	प	प ग	ग	म	म	म ग	–	पम	ग
बा	ऽ	द	ल	बा	ऽ	उऽ	ल	ब	जा	ऽ	र	हा	ऽ	रेऽ	ऽ
×				०				×				०			
ग			प	म								नि		नि	
रे	रे	गप	म	ग	–	–	–	गप	मं	प	नि	ध	नि	प	प
ब	जा	ऽऽ	र	हा	ऽ	ऽ	ऽ	बऽ	जा	ऽ	र	हा	ऽ	ए	क
×				०				×				०			
				प											
प	ध	म	प	ग	म	रे	ग	सा	–	ग	ग	ग	म	धप	प
ता	ऽ	ऽ	ऽ	रा	ऽ	ऽ	ऽ	बा	ऽ	द	ल	बा	ऽ	उऽ	ल
×				०				×				०			
प				म				ग			प	म			
ग	ग	म	म	ग	–	पम	म	रे	रे	गप	म	ग	–,	प	–
ब	जा	ऽ	र	हा	ऽ	रेऽ	ऽ	ब	जा	ऽऽ	र	हा	ऽ,	सा	ऽ
×				०				×				०			
प	नि	–	नि	नि	सां	–	सानि	धनि	–	प	–	–	–	प	मं
री	ऽ	ऽ	बे	ला	ऽ	ऽ	झऽ	रेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	झ	र
×				०				×				०			
		सा		नि		नि						प			Λ
प	सां	नि	सां	ध	नि	प	–	प	ध	म	प	ग	म	रे	ग
झ	ऽ	र	ऽ	झ	ऽ	र	ऽ	धा	ऽ	ऽ	ऽ	रा	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			V

"बादल बाउल बजा रहा रे" तक पुनरावृत्ति करे।

						नि									
प	मं	ध	प	पनि	ध	नि	–	निसां	–	सा	–	सां	सां	सा	–
जा	ऽ	मु	न	बऽ	ने	मे	ऽ	धाऽ	ऽ	न	ऽ	खे	त	मे	ऽ
×				०				×				०			
						नि									
पसां	–	सां	नि	ध	नि	सां	सां	सां	नि	रे	सांनि	धनि	नि	धप	–
आऽ	ऽ	पे	म	ऽ	त्त	आ	ऽ	प	ऽ	न	ऽऽ	ताऽ	नो	मेऽ	ऽ
×				०				×				०			

								ध		ध		प		म	
प	सा	–	ऩि	ऩि	–	ऩि	ध	प	ध	प	प	म	पम	ग	ग
ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ना	ऽ	च	त	ना	ऽ	च	त	ना	ऽऽ	च	त
×				०				×				०			

सा	सा	ग	–	ग	म	प	–
बा	व	ला	ऽ	हा	ऽ	रा	ऽ
×				०			

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करें ।

						सा								रे	
सा	सा	–	सा	सा	–	ऩि	–	सा	सा	रे	रे	रे	–	सा	ऩि
घ	नी	ऽ	ज	टा	ऽ	से	ऽ	ध	नां	ऽ	ऽ	धा	ऽ	ऽ	र
×				०				×				०			

सा	सा	ग	ग	गम	म	प	म	गम	रे	ग	–	–	–	–	–
न	भ	मे	ऽ	स्वर	ऽ	सा	ऽ	जेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

										नि		ध			
गप	मं	प	मं	मंप	मंप	ग	मं	प	नि	ध	ध	प	मं	प	–
पाऽ	ऽ	त	पा	ऽऽ	ऽत	प	र	ढु	प	ढु	प	ध्व	नि	का	ऽ
×				०				×				०			

प		ध		प				ग		म					
मंप	ध	प	प	म	–	ग	ग	रे	पंम	ग	–	–	–	–	–
नूऽ	ऽ	पु	र	म	ऽ	धु	र	रा	ऽऽ	जे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

			ग												
गंसां	सां	गं	रें	रें	–	सां	–	सां	–	सां	सां	सां	सा	सां	नि
घर	बा	र	छु	ड़ा	ऽ	ता	ऽ	आ	ऽ	कु	ल	मु	र	मे	ऽ
×				०				×				०			

नि ध	नि	सां	-	सां	-	सां	नि	नि ध	नि	सां	नि	धनि	नि	धप	-
उ	ऽ	दा	ऽ	स	ऽ	घू	ऽ	मे	ऽ	पु	र	पुऽ	र	मेऽ	ऽ
×				०				×				०			

नि	नि	निसां	सा नि	नि ध	नि	धप	-	प	सां	-	-	नि	-	-	ध
पु	र	वैऽ	ऽ	या	ऽ	मेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

ध प	-	ध	प	प म	-	प	-
'गृ	ऽ	ह	ऽ	हा	ऽ	रा	ऽ
×				०			

गीत की प्रथम दो पंक्तियाँ गाये।

एक प्रकार की सावनी मल्लार

त्रिताल (मध्यलय)

सावन गगन में घोर घन घटा निशीथ यामिनी रे।
कुंजवन सखि कैसे जाऊँ अबला कामिनी रे॥
उन्मद पवन यमुना तर्जित, घन-घन गर्जित मेंह।
विद्युत दमकत पथतरु लुंठित, थर-थर कम्पित देह॥
घन-घन रिमझिम् रिमझिम् रिमझिम् बरसत नीरद पुंज।
शाल पियाले, ताल-तमाले निविड़ तिमिरमय कुंज॥
कह रे सजनी ए दुख योगे कुंजे निरदय कान।
दारुण बंशी काहे बजावत, सकरुण राधा नाम॥
मोतीहार से वेश बनादे, सींथि लगा मेरे भाले।
उड़त बिलुंठित लोल-चिकुर मम बाँधह चम्पक माले॥
गहन रात में न जाओ बाला, नवलकिशोर के पास।
गरजे घन-घन, बहु डर पावत, कहे भानु तव दास॥

			प					रे							
रे	प	म	प	ग़	रे	मग़	रे	सा	रेग़	ग़रे	सा	रे	नि़	सा	–,
सा	ऽ	व	न	ग	ग	ऽन	मे,	घो	ऽऽ	रऽ	घ	न	घ	टा	ऽ,
×				२				०				३			

								नि़							
म	म	प	प	प	म	मनि़	नि़	ग़	–	–	–	रे	सा	रे	–
नि	शी	ऽ	थ	या	ऽ	मिऽ	नी	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

								प		नि़					
म	प	प	प	प	–	प	प	नि़	–	ध	नि़	ध	नि़	ध	प
कुं	ऽ	ज	व	न	ऽ	स	खि	कै	ऽ	से	ऽ	जा	ऽ	ऊँ	ऽ
×				२				०				३			

म	म	प	म	प	–	प	पसां	नि़सां	नि़सां	नि़	ध	प	म	ग़रे	सा
अ	ब	ला	ऽ	का	ऽ	मि	नीऽ	रेऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ
×				२				०				३			

"सावन ····· निशीथ यामिनी रे" तक पुनरावृत्ति करें।

												रें			
म	प	प	प	प	प	प	नि	नि	नि	नि	सां	सां	–	सां	सां
उ	न	म	द	प	व	ने	ऽ	य	मु	ना	ऽ	त	ऽ	र्जि	त
×				२				०				३			

								ध				ध			
म	म	प	प	प	–	प	ध	नि़	–	धप	ध	प	–	–	–
घ	न	घ	न	ग	ऽ	र्जि	त	मे	ऽ	ऽऽ	ऽ	ह	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

म	प	प	प	प	प	प	प	म	प	प	पनि	नि	सां	सां	सां
वि	द्	यु	त	द	म	क	त	प	थ	त	रूऽ	लु	ए	ठि	त
×				२				०				३			

		रें						ध				प			
नि	निरें	सां	नि़	ध	ध	प	पध	म	–	पधप	मप	ग़	–	–	–
थ	रऽ	थ	र	क	मृ	पि	तऽ	दे	ऽ	ऽऽऽ	ऽऽ	ह	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

ग	ग	ग	ग	ग	ग	ग	ग	म	म	म	म	पम	ग	म	म
घ	न	घ	न	रि	म्	झि	म्	रि	म्	झि	म्	रिऽ	म्	झि	म्
×				२				०				३			

								ध				प			
ग	म	प	प	प	–	प	पध	म	–	पधप	मप	ग॒	–	रेसा	रे
ब	र	ष	त	नी	ऽ	र	दऽ	पुं	ऽ	ऽऽऽ	ऽऽ	ज	ऽ	ऽऽ	ऽ
×				२				०				३			

				ग						प					
ग	–	ग	ग	म	ग	म	–	गम	प	म	ग॒रे	मग॒	रे	सा	–
शा	ऽ	ल	पि	या	ऽ	ले	ऽ	ताऽ	ऽ	ल	तऽ	माऽ	ऽ	ले	ऽ
×				२				०				३			

		प		प		ग॒									
रे	प	म	प	म	मग॒	रे	सा	रेसा	नि	सा	–	–	–	–	–
नि	वि	ड़	ति	मि	रऽ	म	य	कुंऽ	ऽ	ज	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

												रें			
म	प	प	नि	नि	नि	नि	–	पनि	–	सां	रें	नि	–	सां	–
क	ह	रे	ऽ	स	ज	नि	ऽ	एऽ	ऽ	दु	रू	यो	ऽ	गे	ऽ
×				२				०				३			

				सा											
सा	रे	सांरे	सां	नि॒	नि॒	धप	ध	सांनि	–	धप	ध	प	–	–	–
कुं	ऽ	जेऽ	ऽ	नि	र	दऽ	य	काऽ	ऽ	ऽऽ	ऽ	न	ऽ	ऽ	ऽ
×				२				०				३			

										नि॒		सा			
म	प	प	प	प	प	प	म	प	नि॒	ध	नि॒	नि॒	–	ध॒	प
दाऽ	ऽ	रू	ण	वृं	ऽ	शी	ऽ	का	ऽ	हे	ब	जा	ऽ	व	त
×				२				०				३			

प				ध				प							
म	म	प	पध	म	–	पध	मप	ग॒	–	–	–	रे	–	सा	–
स	क	रू	णाऽ	रा	ऽ	धाऽ	ऽऽ	ना	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	म	ऽ
×				२				०				३			

सानि़ - प नि़	नि सा सा सा	सानि़ - प़ नि़	नि सा सा -
मोऽ ऽ ती ऽ	हा ऽ र से	वेऽ ऽ श ब	ना ऽ दे ऽ
×	२	०	३

		म	
सानि़ - सा रे	रे - रे सा	रेसा रे ग॒ -	- - - -
सीऽ ऽ थि ल	गा ऽ मे रे	भाऽ ऽ ले ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
×	२	०	३

म म प प	प - प प	म प प पनि॒	पनि॒ नि॒ प प
उ ड त वि	लुं ऽ ठि त	लो ऽ ल चिऽ	कुऽ र म म
×	२	०	३

प	म	म	
म - प प	पसां सां ग॒ ग॒म	ग॒ - - म	रे ग॒ सा -
बोँ ऽ ध ह	चऽ म् प कऽ	मा ऽ ऽ ऽ	ले ऽ ऽ ऽ
×	२	०	३

		नि	रें
म प पनि नि	नि नि नि -	प नि - सांरे	नि - सां -
ग ह नऽ रा	ऽ त मे ऽ	न जा ऽ ओऽ	बा ऽ ला ऽ
×	२	०	३

रें			
सा निरे सां नि॒ध	नि॒ - धप ध	सांनि॒ - - ध	प - - -
न वऽ ल किऽ	शो ऽ रऽ के	पाऽ ऽ ऽ ऽ	स ऽ ऽ ऽ
×	२	०	३

	नि॒ नि॒	रें	रें
पनि॒ नि॒ नि॒ -	ध नि॒ धप ध	ध रे सां रे	नि॒ - ध प
गऽ र जे ऽ	घ न घऽ न	ब हु ड र	पा ऽ व त
×	२	०	३

प	ध	म	
म म - प	- प पध प	ग॒ - - -	रे - सा -
क हे ऽ भा	ऽ नु तऽ व	दा ऽ ऽ ऽ	स ऽ ऽ ऽ
×	२	०	३

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करें।



गौड़मल्हार मिश्र

कहरवा या त्रिताल (मध्यलय)

नमो नमो नमो करुणाघन नमो हे।
नयन स्निग्ध अमृतांजन सरसे।
जीवन पूर्ण सुधा रस बरसे॥
तव दर्शन धन-सार्थक मन हे।
अकृपण वर्षन करुणा घन हे॥

म रे म म	प प म प	पसां निसां ध प	प म प म –
न मो न मो	न मो क रु	णाऽ ऽऽ घ न	न मो हे ऽ
×	०	×	०
– – – ग	रे ग रे –	रे प प म –	गरे ग रेसा –
ऽ ऽ ऽ ऽ	न म हे ऽ	न म हे ऽ	नऽ म हेऽ ऽ
×	०	×	०
म प प पनि	नि नि नि सां	सां सां सां सां	सां नि सां –
न य न स्निऽ	ग् ध अ मृ	ता न् ज न	स र से ऽ
×	०	×	०
सा ध ध ध	धसां सां सा सा	सां निरें सां सां	निसां ध प –
जी ऽ व न	पूऽ र ण सु	धा ऽऽ र स	बऽ र से ऽ
×	०	×	०
पमं ध प प	म म म ग	रे प प प	प मं प –
तऽ व द र	श न घ न	सा र् थ क	म न हे ऽ
×	०	×	०
ध नि सां नि	ध नि ध प	रे ग म धप	म ग रेसा –
अ कृ प ण	ब र् ष न	क रु णा ऽऽ	घ न हेऽ ऽ
×	०	×	०
मा रे रे –	रे प प म –	गरे ग रेसा –	– – – –
न मो हे ऽ	न मो हे ऽ	नऽ मो हेऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
×	०	×	०

प्रथम पक्ति की पुनरावृत्ति करें।

पंचम वसंत मिश्र

कहरवा (मध्यलय)

आज वर्षण मुखरित श्रावण रजनी ।
स्मृति वेदन की माला गाँथू एकाकिनी ॥
आज कौन भ्रम में भूलूँ ।
अंधार घर का यह द्वार खोलूँ ॥
मानो वह आ रहा है ।
मेरा साथी, यह दुख यामिनी ॥
आरहा वह, धारा जल में, सुर लगाये ।
नीपवन पुलक जगाये ॥
यदि वह न आये और ।
वृथा आश्वास की डोर ।
धूलि पै फैला मिलन-आसन बीते रे निशीथिनी ॥

पंचम वसंत मिश्र

कहरवा (मध्यलय)

आज वर्षण मुखरित श्रावण रजनी
स्मृति वेदन की माला गाँथू एकाकिनी ॥
आज कौन भ्रम में भूलूं ।
अंधार घर का यह द्वार खोलूँ ॥
मानो वह आ रहा है ।
मेरा साथी, यह दुख यामिनी ॥
आरहा वह, धारा जल में, सुर लगाये ।
नीपवन पुलक जगाये ॥
यदि वह न आये और ।
वृथा आश्वास की डोर ।
धूलि पै फैला मिलन-आसन बीते रे निशीथिनी ॥

			ध नि
			आ ज
			०
सां सांगं गं गंरें	रें रेंसां सां –	म – – –	– – – –
व रऽ ष ण	मु खऽ रि ऽ	त ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
×	०	×	०
ग म प म	ग म प म	ग रे सा –	– – – –
श्रा ऽ ऽ ऽ	व ऽ ऽ ण	र ज नी ऽ	ऽ ऽ ऽ ऽ
×	०	×	०
सा सामं म म	म म म –	म प ग –	म ध ध –
स्मृ तिऽ वे द	न की मा ऽ	ला ऽ ऽ ऽ	गाँ थू ए ऽ
×	०	×	०
नि – सां रें	नि सां ध नि		
का ऽ कि ऽ	नी ऽ "आ ज"		
×	०		

"आज·····रजनी" तक पुनरावृत्ति करे।

			सां रे
			आ ज
			०
नि सां ध धनि	नि – सा रें	नि सा – –	– – – सांरें
कौ ऽ न भ्रम	मे ऽ भू ऽ	लूँ ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ ऑऽ
×	०	×	०
नि सां ध धध	नि – सां रें	नि सां ध नि	सां – सां रें
धा ऽ र घर	का ऽ य ह	दु वा र खो	लूँ ऽ, आ ज
×	०	×	०

नि	सां	ध	धनि	नि	-	सां	रे	नि	सां	-	-	-	-	-	सांरें
कौ	ऽ	न	भ्रम	मे	ऽ	भू	ऽ	लूँ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	आँऽ
×				०				×				०			

नि	सां	ध	धध	नि	-	सां	रें	नि	सां	ध	नि	सां	-	-	-
धा	ऽ	र	घर	का	ऽ	य	ह	दु	वा	र	खो	लूँ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

नि	सां	सांसां	नि	नि	निध	ध	धप	प	म	म	-	-	-	सां	नि
मा	नो	वह	ऽ	आ	ऽऽ	ऽ	रऽ	हा	ऽ	है	ऽ	ऽ	ऽ	मे	रा
×				०				×				०			

सा	गं	ग	गं	गंगं	मं	प	(प) मं	गं	रें	सा	रे	नि	सां	ध	नि
सा	ऽ	थी	ऽ	यह	ऽ	दु	ख	या	ऽ	मि	ऽ	नी	ऽ	"आ	ज"
×				०				×				०			

"आज······रजनी" तक पुनरावृत्ति करें।

सा	साम	म	म	मम	-	-	-	साम	म	म	म	म	प	ग	-
आ	ऽऽ	र	हा	वह	ऽ	ऽ	ऽ	धाऽ	रा	ज	ल	मे	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

म	ध	ध	ध	ध	-	म	-	म	ध	नि	सां	रे	रे	रेंसां	सां
सु	र	ल	गा	ये	ऽ	ऽ	ऽ	नी	प	व	न	पु	ल	कऽ	ज
×				०				×				०			

नि	-	सां	-	-	-	-	-	सां	गं	गग	गं	ग	मं	गंमं	पमं
गा	ऽ	ये	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	य	दि	वह	ऽ	न	ऽ	आऽ	येऽ
×				०				×				०			

मंपं	(प) मं	ग	-	-	-	-	-	गं	मं	मं	गं	गं	रे	रें	सा
औ	ऽ	र	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	वृ	था	आ	ऽ	श्वा	स	की	ऽ
×				०				×				०			

सां	ध	ध	सां	-	-	-	सां	सा	साम	म	-	म	-	म	-
डो	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र	धु	निऽ	पै	ऽ	फै	ऽ	ला	ऽ
×				०				×				०			

ग														सा	रें
म	म	म	म	म	प	ग	-	म	ध	ध	ध	नि	सां	रे	सां
मि	ल	न	आ	स	ऽ	न	ऽ	बां	ऽ	ते	ऽ	रे	ऽ	नि	शि
×				०				×				०			

नि	-	सां	रें	नि	सां	ध	नि								
थि	ऽ	नी	ऽ	ऽ	ऽ	"आ	ज"								
×				०											

प्रथम दो पंक्तियों की पुनरावृत्ति करें ।



मल्हार मिश्र

कहरवा (मध्य-द्रुत लय)

मेरा मन मेघ का साथी,
उड़ता चले दिगंत की ओर ।
निःसीम शून्य में श्रावण वर्षण संगीत में ।
रिमिझिम-रिमिझिम-रिमिझिम ॥

मेरा मन हंस-बलाका पंख से उड़ जाये,
कदाचित् चमकित तड़ित आलोक में ।
झन् झन् मंजीर बजाये झंझा घोर आनन्द में,
कल-कल-कल करती निर्झरिणी ।
प्रलय आह्वान पुकारे ॥

वायु बहे पूर्व समुन्दर से,
उच्छ्वल छल-छल नदी की तरंगे ।
मेरा मन दौड़े उस मत्त प्रवाह में,
ताल-तमाल अरण्य में ।
क्षुब्ध शाखायें डोले रे ॥

सा	सा	सा	सा	सा	–	रे	रेसा	रे	प	म	पम	म	ग	–	म
मे	रा	म	न	मे	ऽ	घ	काऽ	सा	ऽ	थी	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

	म														
म	प	प	–	प	प	प	–	पम	नि	नि	ध	धनि	प	प	–
उ	ड़	ता	ऽ	च	ले	दि	ऽ	गऽ	न्	त	की	ओऽ	ऽ	र	ऽ
×				०				×				०			

ध															
सां	–	सां	सा	सां	–	सा	सा	सा	–	रे	सा	रे	रे	ग	रे
निः	ऽ	सी	म	शू	ऽ	न्य	मे	श्रा	ऽ	व	न	व	र	ष	ण
×				०				×				०			

								रे		रे		रे		रे	
ग	म	प	प	ग	म	रे	–	म	रे	म	रे	म	रे	म	रे
सं	ऽ	गी	त	मे	ऽ	ऽ	ऽ	रि	मि	झि	म	रि	मि	झि	म
×				०				×				०			

म	म	प	–	–	–	–	प	∧
रि	मि	झि	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	म	∨
×				०				

प्रथम पंक्ति की पुनरावृत्ति करें।

				प								नि			
म	प	प	प	नि	प	नि	नि	नि	–	सां	रें	सां	प	प	प
मे	रा	म	न	हं	ऽ	स	ब	ला	ऽ	का	ऽ	पं	ऽ	ख	से
×				०				×				०			

										नि				नि	
नि	नि	नि	–	सां	–	–	–	सां	सां	रें	सां	सां	सां	रें	सां
उ	ड़	जा	ऽ	ये	ऽ	ऽ	ऽ	क	दा	चि	त	क	दा	चि	त
×				०				×				०			

नि																
सां	नि	नि	नि	ध	-	नि	ध	प	-	पध	म	प	-	-	-	
च	म	कि	त	त	ऽ	ड़ि	त	जा	ऽ	लोऽ	क	मे	ऽ	ऽ	ऽ	
×				०				×				०				

										ग					
गं	गं	गं	गं	गं	-	गं	गं	गं	मं	मं	मं	रें	-	सां	-
झ	न्	झ	न्	मं	ऽ	जी	र	ब	ऽ	जा	ये	झं	ऽ	झा	ऽ
×				०				×				०			

सा				सा				सा	रे	सा	रे	सां	रें		
रें	-	सां	सां	रें	रें	सां	सां	रें	सा	रें	सां	रें	सां	सां	सां
घो	ऽ	र	आ	न	न्	द्	मे	क	ल	क	ल	क	ल	क	र
×				०				×				०			

नि															
सा	नि	नि	-	नि	ध	पं	-	म	म	प	-	प	प	प	म
ती	ऽ	नि	ऽ	झं	रि	णी	ऽ	प्र	ल	य	ऽ	आ	ह्	वा	न
×				०				×				०			

				म			
प	म	प	म	सां	-	-	-
पु	ऽ	का	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ
×				०			

प्रथम पंक्ति की पुनरावृत्ति करें।

म	म	प	म	प	प	ध	म	प	प	ध	म	प	-	-	-
वा	यु	ब	हे	पु	र	ब	स	मु	न्	द्	र	से	ऽ	ऽ	ऽ
×				०				×				०			

						नि					ध				
प	नि	नि	नि	ध	धनि	ध	पध	म	प	मपध	प	म	प	मग	म
उ	ऽ	च्छ	त	छ	लऽ	छ	लऽ	न	दी	कीऽऽ	त	रं	ऽ	गेऽ	ऽ
×				०				×				०			

				प											
म	प	प	प	नि	प	पनि	प	नि	-	नि	प	नि	-	सां	सां
मे	रा	म	न	दौ	ड़े	उऽ	स	म	ऽ	त्त	प्र	वा	ऽ	ह	मे
×				०				×				०			

प्रथम चार पंक्तियो की पुनरावृत्ति करें।

पीलू मिश्र

दादरा (मध्यलय)

बादल धारा चली गई बाजे विदा का सुर।
गान अपना शेष कर दे जाना बहुत दूर ॥
नाव तेरी आगे बढ़ी,
तरंगों से उलझ पड़ी।
डोले नैया होले होले लहरें बड़ी चतुर,
कदम-केशर बिखर गया वन उपवन में।
भौंरे आज राह भूले भटके निराश में ॥
वन में आज चुप है हवा,
आकाश भी आज धूसर हुआ।
आलोक में आज झलक उठी स्मृति अति मधुर ॥

			प			प	म		ग		
प	प	प	म	पध	मप	म	ग	–	रे	मग	रे
बा	द	ल	धा	राऽ	ऽऽ	च	ली	ऽ	ग	ईऽ	ऽ
×			०			×			०		

						रे					
सा	सा	रे	ग	ग	रे	सा	–	–	–	–	सा
बा	जे	वि	दा	का	ऽ	सु	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×			०			×			०		

						ध					
म	प	प	प	प	ध	प	सां	सांनि	ध	प	–
गा	ऽ	न	अ	प	ना	शे	ष	कऽ	र	दे	ऽ
×			०			×			०		

		ध									
प	ध	प	म	गरे	ग	गम	–	–	–	–	–
शे	ष	क	र	देऽ	ऽ	रेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			०			×			०		

	प		म								
मप	म	–	ग	ग	रे	मग	–	–	रे	सा	रे
जाऽ	ना	ऽ	ब	हु	त	दूऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×			०			×			०		

प्रथम पंक्ति की पुनरावृत्ति करें।

प	प	प	प	प	–	प	प	ध	नि	सां	निरे
ना	ऽ	व	ते	री	ऽ	आ	ऽ	गे	ब	ढ़ी	ऽऽ
×			०			×			०		

रें		सा					ध		प		
सां	सां	नि	ध	प	–	पध	प	प	म	ग	रेग
त	रं	ऽ	गों	से	ऽ	उऽ	ल	भ	प	ड़ी	ऽऽ
×			०			×			०		

						सा			ग		
गम	–	–	–	–	ग	ग	ग	–	रे	ग	ग
रेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	डो	ले	ऽ	नै	ऽ	या
×			०			×			०		

ग रे	ग	–	ग रे	मग	रे	सा	सा	रे	ग	ग	रे
हो	ले	ऽ	हो	लेऽ	ऽ	ल	ह	रे	ब	ड़ी	च
×			०			×			०		
रे सा	–	–	–	–	सा						
तु	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र						
×			०								

"गान अपना शेष कर दे,··· बादल धारा·····दूर" तक पुनरावृत्ति करें ।

सा नि़	नि़	नि़	नि़	प़	नि़	नि़	सा	सा	सा	सा	रेसा
क	द	म	के	श	र	बि	ख	र	ग	या	ऽऽ
×			०			×			०		
सा नि	नि़	–	नि़	नि प़	नि़	नि़	सा	–	सा	–	–
व	न	ऽ	उ	प	ऽ	व	न	ऽ	मे	ऽ	ऽ
×			०			×			०		
सा	ग	ग	ग रे	ग	ग	ग रे	ग	ग	ग रे	मग	रे
भौ	ऽ	रे	आ	ऽ	ज	रा	ऽ	ह	भू	ऽऽ	ले
×			०			×			०		
सारे	सा	रे	रे	मग	रे	सारे	सा	–	–	–	–
भऽ	ट	के	नि	राऽ	श	मेऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			०			×			०		
प	प	प	प	–	प	प	प	ध	नि	सां	निरे
व	न	मे	आ	ऽ	ज	चु	प	है	ह	वा	ऽऽ
×			०			×			०		
रें सां	नि	नि	नि ध	प	प	पध	ध प	म	प म	ग	रेग
आ	का	श	भी	आ	ज	धूऽ	स	र	हु	ऽ	आऽ
×			०			×			०		

म	–	–	–	–	–	(म)ग॒	ग॒	ग॒	(ग॒)रे	ग॒	ग॒
रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	आ	लो	क	मे	आ	ज
×			०			×			०		

(ग॒)रे	ग॒	ग॒	(ग॒)रे	मग॒	रे	सारे	सा	रे	ग॒	ग॒	रे
झ	ल	क	उ	ठीऽ	ऽ	स्मृऽ	ति	ऽ	अ	ति	म
×			०			×			०		

(रे)सा	–	–	–	–	सा
धु	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	र
×			०		

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करें।



कालिंगड़ा—रामकली मिश्र

* रूपकड़ा (मध्यलय)

शरत आलोक के कमल वन में ।
बाहर होकर बिहार करे,
जो था मेरे मन ही मन में ॥
सोने के कंकन उसके बाजे ।
आज प्रभात किरन में राजे ॥
हवा से काँपे आँचल उसका,
फैले छाया क्षण-क्षण में ॥
आकुल केश के परिमल में ।
शेफाली वन की उदास वायु,
पड़ी रहे तरु तले ॥
हृदय में देखो हृदय डोले ।
बाहर हो वह भुवन को भूले ॥
आज उसने निज नयनों की दृष्टि,
फैला दी नील गगन में ॥

म								प					म		
ग	म	प	नि॒ध	–	प	प	ध॒	म	प	ध॒	मप	ध॒प	ग	–	–
श	र	त	आऽ	ऽ	लो	क	के	क	म	ल	वऽ	ऽन	मे	ऽ	ऽ
×								×							

								म							
ग	म	म	म	–	म	म	–	ग	म	प	गम	पध॒	ध॒	–	–
बा	ह	र	हो	ऽ	क	र	ऽ	बि	हा	र	कऽ	ऽऽ	रे	ऽ	ऽ
×								×							

ध॒			सा	रें					रें		नि				∧
नि	–	सां	रें॒	सां	निसां	ध॒	–	ध॒	रें॒	सांनि	ध॒	ध॒	प	–	मग
जो	ऽ	था	मे	ऽ	रेऽ	ऽ	ऽ	म	न	हीऽ	म	न	मे	ऽ	ऽऽ
×								×							∨

प्रथम तीन पंक्तियो की पुनरावृत्ति करे ।

			प		ध॒			नि	ध॒		नि				
ध॒	ध॒	ध॒	ध॒	–	सां	–	नि	ध॒	सां	नि	ध॒	–	प	–	–
सो	ने	के	कं	ऽ	क	ऽ	न	उ	म	के	बा	ऽ	जे	ऽ	ऽ
×								×							

प														
म	ध॒	ध॒	पध॒	नि॒ध॒प	म	ग	ग	म	नि॒ध॒	–	नि	–	सां	–
आ	ज	प्र	भाऽ	ऽऽऽ	त	कि	र	ण	मेऽ	ऽ	रा	ऽ	जे	ऽ
×								×						

								ग	म		ग॒				
सांग॒	ग॒	ग॒	ग॒	रे	ग॒	–	–	मं	ग॒	ग॒	रें॒	रें॒	सा	–	–
हऽ	वा	से	काँ	ऽ	पे	ऽ	ऽ	आँ	च	ल	उ	स	का	ऽ	ऽ
×								×							

सा											नि				∧
रें॒	सां	–	नि॒	ध॒	ध॒	प	–	प	पध॒	सांनि	ध॒	ध॒	प	–	मग
फै	ले	ऽ	छा	ऽ	या	ऽ	ऽ	तृ	णऽ	ऽऽ	तृ	ण	मे	ऽ	ऽऽ
×								×							∨

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करें ।

---

* यह कवि रवीन्द्रनाथ द्वारा सृष्ट आठ मात्रा की (३।२।३) ताल है ।

			म		
सा रे॒ म	म -	म म -	ग म -	गम पध॒	ध॒ - -
आ कु ल	के ऽ	श के ऽ	प रि ऽ	मऽ ऽल	में ऽ ऽ
×			×		

ध॒	सा	रें॒			
नि नि सां	रें॒ -	सां - सां	नि सां सां	सां नि	सां - नि॒
शे फा ली	व ऽ	न ऽ की	उ दा स	वा ऽ	यु ऽ ऽ
×			×		

सा			ध॒		म
नि॒ नि॒ ध॒	ध॒ -	प - ध॒	म प ध॒	मप ध॒प	ग - -
प ड़ी ऽ	र ऽ	हे ऽ ऽ	त रु ऽ	तऽ ऽऽ	ले ऽ ऽ
×			×		

			सां		
ध॒ ध॒ ध॒	नि -	सां सां -	रें॒ रें॒ सां	रें॒सां नि	सां - -
हृ द य	मे ऽ	दे खो ऽ	हृ द य	डोऽ ऽ	ले ऽ ऽ
×			×		

	म		सां	नि	
सां गं॒ गं॒रें॒	गं॒ -	रें॒ सां -	नि सांसां रें॒सां	सां नि	ध॒ - -
बा ह रऽ	हो ऽ	व ह ऽ	भु वन कोऽ	भू ऽ	ले ऽ ऽ
×			×		

सा	सा		सा	सा	
धसां नि सां	रें॒ सां	सां - -	रें॒ सां नि॒नि॒	नि -	ध॒ प -
आऽ ऽ ज	उ स	ने ऽ ऽ	नि ज नय	नो ऽ	की ऽ ऽ
×			×		

प	म				
गं॒ - गं॒रें॒	गं॒ -	रें॒ सां -	सा रे॒ ग	म प	नि॒ध॒ - -
दृ ऽ ष्टिऽ	फै ऽ	ला दी ऽ	नी ल ग	ग न	मेऽ ऽ ऽ
×			×		

पूर्व उल्लेखित पुनरावृत्ति करें।



बहार मिश्र

त्रिताल (मध्य-द्रुत लय)

आज वसंत जाग्रत द्वार रे।
तव अवगुंठित कुंठित जीवन में,
उसे विडम्बित ना कर रे॥
आज खोलना हृदय-दल खोलना।
आज भूलना-पराया-अपना भूलना॥
इस संगीत मुखरित गगन में,
तेरी गंध की लहरें उड़ना।
इस भुवन की दिशाओं में आना।
देना फैला माधुरी भार रे॥
